जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश - 273014

# ध्येय पथ

मासिक ई- पत्रिका :: वर्ष - 12 :: अंक - 2



14 फरवरी 2019

## पुलवामा शहीद स्मृति दिवस
पर
40 वीर शहीदों को श्रद्धांजलि

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपी गरीयसी

## सम्पादक

श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ला

श्रीमती विभा सिंह

श्री हरीकेश यादव

## संस्करण - 2026

वर्ष : 11

अंक : 2

पृष्ठ : 16

पेज आकार : A4

## प्रकाशक

**महाराणा प्रताप महाविद्यालय**

जंगल धूसड़, गोरखपुर

उत्तर प्रदेश - 273014

फोन न. : +91 7897475917

# ॐ श्रीमदभगवदगीता ॐ



**श्लोक**

**नियतं कुरु कर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः !**
**शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः !!**

**अर्थ**

मनुष्य को अपना नियत कर्तव्य कर्म करना चाहिए,
क्योंकि कर्म न करने से जीवन भी नहीं चल सकता।

**श्लोक**

**यज्ञार्थात्कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धनः !**
**तदर्थं कर्म कौन्तेय मुक्तसंगः समाचर !!**

**अर्थ**

यदि कर्म स्वार्थ के लिए किया जाए तो वह बंधन बन जाता है।
लेकिन यदि कर्म निस्वार्थ भाव से किया जाए तो वह मुक्ति का
मार्ग बनता है।



# श्री गोरक्षनाथो विजयतेतराम





## गोरखवाणी सबदी

### सबदी

मन ही देव मन ही देवल, मन ही जंगम जाति।
मन ही पूजा मन ही धूप, मन से सांचा नाथ॥

### अर्थ

मन ही ईश्वर का स्थान है। यदि मन शुद्ध हो जाए तो
वही सच्ची पूजा है।

### सबदी

अंतरि जोति निरंतरि बानी, ऐसा गुरु करि जाना।

### अर्थ

सच्चा गुरु वह है जो भीतर की चेतना और ज्ञान का प्रकाश
दिखाए।

# सम्पादकीय

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में ध्येय पथ नामक ई– पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। जिसमें प्रत्येक माह में होने वाले कार्यक्रम, महत्वपूर्ण दिवस और उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण उल्लेखित किया जाता है। इसी क्रम में फरवरी माह वर्ष का सबसे छोटा महीना होते हुए भी अनेक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं सामाजिक दिवसों के कारण विशेष महत्व रखता है। यह महीना हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, भाषा और राष्ट्रीय एकता से जुड़े अनेक संदेश देता है। इन दिवसों के माध्यम से समाज को जागरूक करने तथा नई पीढ़ी को प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है।

11 फरवरी अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है। यह दिवस हमें यह भी स्मरण कराता है कि समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। फरवरी माह का एक अत्यंत भावनात्मक और स्मरणीय दिवस 14 फरवरी भी है, जब देश पुलवामा आतंकी हमले  में शहीद हुए 40 वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। वर्ष 2019 में हुए इस दुखद आतंकी हमले ने पूरे देश को शोकाकुल कर दिया था। इस दिन हम उन वीर सपूतों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हैं। उनकी शहादत हमें देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराती है। इसी क्रम में 21 फरवरी –  अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमारी भाषाई और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संदेश देता है। मातृभाषा व्यक्ति की पहचान भावनाओं और संस्कृति की वाहक होती है, इसलिए उसका संरक्षण और संवर्धन हम सभी का कर्तव्य है। इसके अतिरिक्त 28 फरवरी दृ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारत के महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन द्वारा की गई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज रमन प्रभाव की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिवस वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करता है तथा विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इन सभी महत्वपूर्ण दिवसों का मूल उद्देश्य समाज में  जागरूकता, शिक्षा, देशभक्ति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। आवश्यक है कि हम इन दिवसों को केवल औपचारिक रूप से न मनाएँ, बल्कि इनके संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें।

अतः फरवरी माह हमें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, मातृभाषा का सम्मान करने, विज्ञान एवं नवाचार को अपनाने तथा शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। यही इन महत्वपूर्ण दिवसों का वास्तविक उद्देश्य और संदेश है।

**सम्पादक समिति ध्येय पथ**

Special Edition Article

# Women in Science: Catalyzing Viksit Bharat – A Psychological Perspective

## Introduction

The vision of Viksit Bharat (Developed India) represents the aspiration of building a nation that is economically strong, technologically advanced, and socially inclusive. One of the most important factors in achieving this goal is the effective utilization of human resources. In this context, the participation of women in science and technology plays a crucial role.

Women scientists contribute not only to scientific discoveries but also to the intellectual and social progress of society. From a psychological perspective, factors such as motivation, self-confidence, role models, and social encouragement significantly influence women's involvement in scientific careers. Encouraging women to participate in science helps promote innovation, creativity, and national development.

## Psychological Basis of Women's Participation in Science

Psychology explains that human behaviour and achievements are influenced by both personal abilities and environmental factors. When girls receive encouragement, opportunities for learning, and exposure to scientific activities, they develop a strong interest in science.

Observing successful scientists also influences career aspirations. Through observational learning, young students gain confidence and motivation to pursue similar paths. Positive reinforcement from teachers and parents helps strengthen self-efficacy, which refers to an individual's belief in their ability to achieve success in a particular field.

A supportive educational environment that encourages questioning, experimentation, and creativity helps students develop a scientific attitude and critical thinking ability.

## Psychological Barriers Faced by Women in Science

Despite progress in education, women sometimes encounter psychological and social challenges in scientific careers.

One such challenge is gender stereotypes, where science and technology are often perceived as male-dominated fields. These stereotypes may influence girl`s career choices and self-confidence.

Another challenge is stereotype threat, where individuals may feel pressure or anxiety about confirming negative stereotypes related to their social group. This can affect performance and confidence.

Additionally, the lack of visible women role models in science may limit the aspirations of young girls interested in scientific careers.

## Role of Education in Empowering Women in Science

Educational institutions play a crucial role in encouraging women's participation in science. Schools and universities can create supportive environments that promote curiosity, creativity, and equal opportunities.

Teachers can encourage girls by:

- Promoting active participation in scientific experiments and research projects
- Providing equal opportunities in science education
- Encouraging problem-solving and critical thinking skills
- Highlighting examples of successful women scientists

Such practices strengthen psychological empowerment, enabling women to develop confidence and leadership abilities.

## Women Scientists as Role Models

India has produced several remarkable women scientists whose achievements inspire students and researchers.

**Kalpana Chawla –** The first woman of Indian origin to travel into space. Her dedication and achievements inspired millions of young people to pursue careers in aerospace science.

**Tessy Thomas –** Known as the “Missile Woman of India,” she played a major role in the development of the Agni missile system at Defence Research and Development Organisation.

**E. K. Janaki Ammal –** A pioneering scientist who made valuable contributions to plant genetics and biodiversity research.

**Asima Chatterjee –** Famous for her research on medicinal plants and anti-malarial drugs.

**Gagandeep Kang** – A prominent virologist known for her research on vaccines and infectious diseases.

These scientists demonstrate the power of determination, knowledge, and perseverance.

## Women in STEM in India: Current Scenario

India has made significant progress in promoting women's education in science and technology. Studies show that around 43% of students enrolled in STEM (Science, Technology, Engineering & Mathematics) education in India are women, which is higher than the global average.

However, women represent approximately 27% of the STEM workforce and around 18–19% of researchers in research and development institutions. This situation is often referred to as the “leaky pipeline,” where many women enter science education but fewer continue in long-term scientific careers.

To address this issue, the Government of India has launched programs such as WISE-KIRAN, CURIE Programme, and GATI Programme to support and empower women scientists.

## Case Study: Inspiration from an Indian Woman Scientist

### Case Study: Tessy Thomas

Dr. Tessy Thomas is one of India's most prominent scientists in the field of defence technology. She joined the Defence Research and Development Organisation and played a leading role in the development of the Agni series of ballistic missiles.

Coming from a modest background, she pursued engineering with determination and dedication. Despite working in a highly technical and male-dominated field, she successfully led several critical missile development projects.

From a psychological perspective, her success demonstrates the importance of self-efficacy, perseverance, and achievement motivation. Dr. Tessy Thomas serves as an inspiring role model for young students, especially girls who aspire to pursue careers in science and engineering.

## Women in Science and the Vision of Viksit Bharat

Women's participation in science is essential for national progress. Scientific innovation, research, and technological advancement are key elements of a developed nation.

When women actively contribute to science and technology, it leads to:

- Greater innovation and creativity
- Increased scientific awareness in society
- Stronger human resource development
- More inclusive and sustainable national progress

Thus, empowering women in science is a crucial step toward realizing the vision of Viksit Bharat.

## Conclusion

Women in science play a vital role in shaping the future of India. Encouragement, motivation, and supportive environments help women overcome psychological and social barriers in scientific careers.

By promoting gender equality in education and research, society can unlock the immense potential of women scientists. Their contributions will strengthen India's journey toward becoming a developed, innovative, and knowledge-driven nation.

## श्रद्धांजलि सभा

03 फरवरी को प्रार्थना सभा में वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव के पिताजी के स्वर्गवासी होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में शारीरिक शिक्षा के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ला ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण के



## एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर

04 फरवरी को वाणिज्य विभाग द्वारा अभिग्रहीत ग्राम तिनकोनिया नं0–2 में स्वावलंबी ग्राम योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुश विश्वविद्यालय बालापार, गोरखपुर के चिकित्सक डॉ. अनिल जायसवाल और डॉ. पुश्पा ने ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षक कर परामर्श प्रदान किया। शिविर का आयोजन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने किया।



## जागरूकता कार्यक्रम

04 फरवरी को वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा **Apprenticeship Embedded Degree Programme (AEDP)** के अन्तर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में **RISP UP TEAM** की सदस्य सुश्री दीपशिखा द्विवेदी पं. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के व्यवसाय प्रशासन विभाग की सहायक आचार्य डॉ. पूर्णिमा मिश्रा तथा **AEDP U.G.C** की समन्वयक डॉ. सारिका गुप्ता ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया।



## राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET)

05 फरवरी का महाविद्यालय के इतिहास विभाग के छात्र श्री राहुल यादव एवं प्राचीन इतिहास के छात्र श्री कमलेश साहनी ने विश्वविद्यालय



अनुदान आयोग **(UGC)** द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा **(NET)** उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी।

## भाषण प्रतियोगिता

06 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि के अवर पर 'एकात्म मानववाद और विकसित भारत **@2047** विशय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में **B.A 6th** सेमेस्टर की छात्रा सुश्री गरिमा यादव ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री अश्विनी वर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री करिश्मा ने तृतीय स्थान, प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने किया।



## पोस्टर प्रतियोगिता

06 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि के अवसर पर ' पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी' विशय सहायक पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एस.सी. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री श्रेया रंजन ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री अश्विनी वर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री महिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन ग्रह विज्ञान विभाग क आचार्य सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।



## निबंध प्रतियोगिता

06 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि के अवसर पर ' पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन दर्शन एवं सामाजिक समरसता' विशय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री मानसी यादव ने प्रथम स्थान, बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सुश्री स्वीटी गुप्ता ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शीतल वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री हरिकेश यादव ने किया।



## स्वास्थ्य शिविर

11 फरवरी को बी0एड0 विभाग के अभिग्रहीत ग्राम मंझरिया में 'मिशन मंझरिया' के अन्तर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गुरू गोरक्षनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ0 अश्विनी दूबे एवं स्टॉफ नर्स पुश्पा जी ने शिविर में आये ग्रामीणों की जांच और इलाज किया एवं रोग के अनुसार निःशुल्क दवा का वितरण किया। कुल 54 मरीजों को निःशुल्क इलाज और दवा की सुविधा प्राप्त हुई। शिविर में बी0एड0 द्वितीय सेमेस्टर के कुल 26 छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने सहभाग किया।



### राष्ट्रीय महिला दिवस

13 फरवरी को प्रार्थना सभा में ' राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री महिमा कुमारी ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### पुलवामा शहीद स्मृति दिवस

14 फरवरी को प्रार्थना सभा में 'पुलवामा शहीद स्मृति दिवस' के अवसर पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर के छात्र श्री शैलेश कुमार आनंद ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया साथ ही महाविद्यालय परिवार सहित शहीदों के स्मृति को नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।



## साप्ताहिक योगाभ्यास



14 फरवरी को प्रार्थना सभा में साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए आग्रह किया गया।

## छात्र पुलिस अनुभवात्मक अविगम कार्यक्रम




15 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'छात्र पुलिस अनुभवात्मक अविगम कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मंदिर सुरक्षा जनपद गोरखपुर के सी. ओ. श्री रत्नेश्वर सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अखिलेश गुप्ता ने किया।

## शोक सभा



20 फरवरी को प्राणी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. रघुवीर नारायण सिंह के पिताजी के स्वर्गवासी होने पर महाविद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक–गण, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम



21 फरवरी को हिन्दी विभाग के तत्वावधान में 'अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य प्रो. रामदरश राय ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने किया।

## आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा



16–27 फरवरी तक महाविद्यालय में आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा के प्रभारी वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 अखिलेश कुमार गुप्ता ने सुव्यवस्थित रूप से परीक्षा सम्पन्न करायी। परीक्षा का संयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने किया।


## तीन दिवसीय योग कार्यशाला (प्रथम दिवस)



24 फरवरी को बी. एड् विभाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने छात्राध्यापकों को ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यशाला में बी0एड्0 विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## योग कार्यशाला (द्वितीय दिवस)

25 फरवरी को बी. एड्. विभाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर प्राणी विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने छात्राध्यापकों को विभिन्न योगाभ्यास कराया।



## एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

25 फरवरी को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना 'उन्नत भारत अभियान' के अन्तर्गत अभिग्रहित ग्राम लालगंज एवं मीरगंज में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## तीन दिवसीय योग कार्यशाला (तृतीय दिवस)

26 फरवरी को बी. एड्. विभाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के तृतीय एवं समापन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 सत्येन्द्र नाथ शुक्ल द्वारा प्राणायाम, ध्यान तथा विभिन्न आसनों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन बी0एड्0 विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पुण्यतिथि



28 फरवरी को प्रार्थना में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद पुण्यतिथि के अवसर पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्राणि विज्ञान के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। साथ ही डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जी को महाविद्यालय परिवार सहित हार्दिक श्रृद्धांजलि अर्पित की।

## साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम



28 फरवरी को प्रार्थना सभा में साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने योगाभ्यास कराया तत्पश्चात् योग के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

## विशिश्ट व्याख्यान कार्यक्रम



28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर रोवर्स/रेंजर्स के द्वारा एक विशिश्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन रोवर्स/रेंजर्स के प्रभारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## व्यापार मेला



28 फरवरी को वाणिज्य एव व्यवसाय प्रशासन विभाग के तत्वावधान में होली पर्व एवं हिन्दू नववर्श के आगमन के अवसर पर 'व्यापार मेला' का आयोजन किया गया जिसमें हस्तशिल्प सामग्री, खाद्य उत्पाद सजावटी वस्तुएं, ई0 कामर्स प्रोजेक्ट मॉडल, रंग एवं अबीर के कुल 12 स्टालों को प्रदर्शित किया गया। इसी क्रम में स्टॉल डेकोरेशन प्रतियोगिता के अन्तर्गत आर्गेनिक धूप बत्ती स्टॉल को प्रथम स्थान, मस्ती वाली पापड़ी स्टॉल को द्वितीय स्थान तथा स्वाद की पिंचकारी एवं डिलीशियस मोमो और चाय स्टॉल को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



## समाचार पत्रो मे महाविद्यालय

# तिनकोनिया-2 में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के वाणिज्य विभाग द्वारा अभिगृहीत ग्राम तिनकोनिया नंबर-2 में स्वावलंबी ग्राम योजना के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण जनजीवन के लिए एक सार्थक पहल के रूप में आयोजित हुआ।

इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस शिविर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, बालापार, गोरखपुर के चिकित्सक डॉ अनिल जायसवाल और डॉ. पुष्पा ने ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, मधुमेह, सामान्य रोगों की



जाँच एवं परामर्श प्रदान किया। इसके साथ ही जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर के उद्देश्य को बताते हुए शिविर के संयोजक श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने कहा कि स्वावलंबी ग्राम योजना का मूल उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करना है। ग्रामीण स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आत्म निर्भरता तीनों को एक साथ सशक्त किए बिना समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर डॉ. अनिल जा. ने कहा ऐसे शिविर छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ सामाजिक व्यवहारिक अनुभव प्रदान करते हैं। जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि बदल रहे मौसम में स्वयं को सेहतमंद रखना एक चुनौती है। इसके लिए गुनगुना पानी का सेवन, मौसमी सब्जी,आयुर्वेदिक काढ़ा और व्यायाम करना आवश्यक है।

शिविर में ग्राम वासियों ने ब्लड प्रेशर, डायबि टीज, बलगम, वायरल, बुखार, स्वसन संबंधित एलर्जी, पेट का इंफेक्शन आदि समस्याओं का परीक्षण कराया। ग्रामीणों ने महाविद्यालय एवं वाणिज्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य, जागरूकता एवं विकास परक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बुजुर्गों ने शिविर का लाभ उठाया।

## महाविद्यालय के शाश्वत नवाचार



मिशन मंझरिया




मिशन आरोग्य






मातृ स्वावलंबन



डिजिटल भारत

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान–विज्ञान एवं कौशल से ओत–प्रोत शिक्षा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है। महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई–पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में फरवरी माह की मासिक ई–पत्रिका ध्येय–पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय

**जंगल धूसड़, गोरखपुर**

"जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी, जो हठि राखै धर्मको, तिहिं राखै करतार"

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर (उ.प्र.)–273 014

नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी 'बी'

## पढ़ना है तो – जंगल धूसड़ आएं ...




राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम

### संचालित पाठ्यक्रम

## बी.ए. (चार वर्षीय पाठ्यक्रम)

समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, रक्षा अध्ययन, गृह विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, प्राचीन इतिहास, इतिहास, हिन्दी, गणित

## बी.एस-सी. (चार वर्षीय पाठ्यक्रम)

गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, सांख्यिकी, भूगोल, मनोविज्ञान, रक्षा अध्ययन

## वाणिज्य (चार वर्षीय पाठ्यक्रम)

बी.काम. With Internship & Tally Training (इंटर्नशिप एवं टैली प्रशिक्षण के साथ)

## एम.एस-सी.

रसायन विज्ञान With Specialization in Organic Chemistry (कार्बनिक रसायन विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ)

## एम.काम.

With Specialization in Marketing, Human Resource Management & Finance, Internship & Tally Training (विपणन, मानव संसाधन प्रबंधन और फाइनेंस में विशेषज्ञता के साथ, इंटर्नशिप एवं टैली प्रशिक्षण)

### रोजगारपरक पाठ्यक्रम

## बी.बी.ए. (रिटेल)





## बी.सी.ए.






## बी.एड्.





**Special Facility : Research, Internship, Placement & Training**

www.mpm.ac.in mpmpg5@gmail.com 9795471750

# ध्येय पथ

मासिक ई- पत्रिका :: वर्ष - 12 :: अंक - 2

## महाविद्यालय की सुखद अनुभुतियां











राष्ट्र

ज्ञान

महाविद्यालय

समाज












## महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर

https://mpm.ac.in | +91 7897475917 | mpmpg5@gmail.com